एशियन गेम्स: सुनील मलिक ने 13 साल बाद ग्रीको रोमन कुश्ती में दिलाया पदक

चर्चा में क्यों?

4 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के सोनीपत ज़िले के गाँव डबरपुर के पहलवान सुनील मलिक ने चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में देश के लिये ग्रीको रोमन 87 किलोग्राम भारवर्ग में 13 साल बाद पदक दिलाया है।

प्रमुख बिंदु

- सुनील मलिक ने एशियाई खेल में अपना पहला पदक जीतने के लिये किर्गिस्तान के अताबेक अजीसबेकोव को 2-1 से हराया।
- भारतीय पहलवान ने एशियन गेम्स 2023 में राउंड ऑफ 16 से अपने अभियान की शुरुआत की थी, जहाँ उन्होंने चीन के फेई पेंग को 4-3 से हराया था।
- इसके बाद उन्होंने ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखेव पर 9-1 की बड़ी जीत दर्ज की। हालाँकि, मौजूदा एशियाई चैंपियन को ईरान के नासेर अलीजादेह के खिलाफ 5-1 से हार का सामना करना पड़ा।
- प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे सोनीपत के गाँव फतेहपुर के ज्ञानेंद्र ईरान के पहलवान व गाँव जुआं के नीरज उज्बेकिस्तान के पहलवान से हारकर बाहर हो गए हैं।
- विदित है कि सुनील के द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक 13 साल पहले चीन के गुआंगझोऊ में रविंद्र सिंह और सुनील कुमार राणा के कांस्य पदक जीतने के बाद ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का पहला पदक था। उसके बाद वर्ष 2014 व 2018 में ग्रीको रोमन में कोई पदक नहीं मिल सका।
- इससे पहले सुनील इसी वर्ष अगस्त में रोमानिया कप में स्वर्ण पदक, अप्रैल में कज़ाखस्तान के अस्ताना में हुई सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।
- गौरतलब है कि सुनील कुमार ने भारत के 27 साल के इंतजार को खत्म करते हुए दिल्ली में 2020 एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।
- सुनील इससे पहले भी वर्ष 2018 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण, 2019 में हुई विश्व रैंकिंग सीरीज़ में रजत व वर्ष 2019 में हुई सीनियर एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ा चुके हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-games-sunil-malik-wins-medal-in-greco-roman-wrestling-after-13-years